कोटद्वार, रविवार
27 अप्रैल 2025
वर्षः 47
अंकः 9 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## पाकिस्तानी नागरिकों को तत्काल वापस भेजने की कार्रवाई शुरू करें

### ● चारधाम यात्रा मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत और पुख्ता बनाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्चाधिकारियों की बैठक लेते हुए अध्यस्त पाकिस्तानी नागरिकों का चिन्हीकरण कर उनको तत्काल प्रभाव से वापस भेजने की कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को प्रदेश में चल रहे सत्यापन अभियान में भी तेजी लाने के साथ ही किरायेदारों का सत्यापन न कराने वाले लोगों पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गलत अभिलेखों के आधार पर सरकारी योजनाओं का लाभ ले रहे लोगों के चिन्हीकरण में भी तेजी लाते हुए उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री ने हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले को देखते हुए अधिकारियों को चारधाम यात्रा मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत और पुख्ता बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्ग पर यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो उसे तुरंत हिरासत में लिया जाए। साथ ही, इस संबंध में आम जनता को भी जागरूक किया जाए। संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर जारी किया जाए, जिससे आम लोग सम्बन्धित नंबर पर जानकारी साझा कर सकें। बैठक में प्रमुख सचिव आर के सुधांशु, आर मीनाक्षी सुंदरम, डीजीपी दीपम सेठ, गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय, अपर पुलिस महानिदेशक ए.पी. अंशुमन, उपाध्यक्ष एम.डी.डी.ए बंशीधर तिवारी मौजूद थे।



## आर्मी मूवमेंट की कवरेज न करें मीडिया संस्थान: केंद्र सरकार

नई दिल्ली ,पहलगाम हमले के बाद भारत–पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। पाकिस्तान को पता है कि भारत इस कायराना हरकत का जवाब अवश्य देगा इसलिए वे पाक पीएम ने कहा कि हम पहलगाम हमले की जांच में सहयोग को तैयार हैं। वहीं केंद्र सरकार ने शनिवार को देश के मीडिया चैनलों से रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही का सीधा प्रसारण करने से बचने की सलाह दी है और कहा कि इस तरह की रिपोर्टिंग से जाने–अनजाने में दुश्मनों को मदद मिल सकती है। इस निर्देश से स्पष्ट है कि कुछ बड़ा होने वाला है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की तरफ से जारी सलाह में कहा गया है, ह्यराष्ट्रीय सुरक्षा के हित में, सभी मीडिया प्लेटफॉर्म, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे रक्षा और अन्य सुरक्षा–संबंधी अभियानों से संबंधित मामलों पर रिपोर्टिंग करते समय अत्यधिक जिम्मेदारी का प्रयोग करें और मौजूदा कानूनों और विनियमों का सख्ती से पालन करें। वहीं पाकिस्तानी प्रधानमंत्री जांच की बात कर रहे हैं और दूसरी ओर पाकिस्तान की फौज ने लगातार दूसरे दिन रूशष्ट पर गोली बारी की। भारतीय फौज ने इसका जवाब दिया। नुकसान की खबर नहीं हैं। सलाह में यह भी कहा गया है कि संवेदनशील जानकारी का समय से पहले खुलासा अनजाने में शत्रुतापूर्ण तत्वों की सहायता कर सकता है और परिचालन पर प्रभाव और कर्मियों की सुरक्षा को खतरे में डाल सकता है। सलाह में कारगिल युद्ध, 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों और कंधार अपहरण जैसी पिछली घटनाओं का हवाला दिया गया, जब कवरेज ने राष्ट्रीय हितों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले थे।

## अटारी—वाघा सीमा पर बीएसएफ का अलर्ट

### ●किसानों को दो दिन में फसल काटने का आदेश



अटारी ,अटारी–वाघा सीमा के पास रोड़ावाला गांव के गुरुद्वारा साहिब में एक महत्वपूर्ण घोषणा की गई। यह घोषणा पहलगाम में हुई एक घटना के बाद की गई। गांव के सरपंच तरसेम सिंह ने गुरुद्वारा साहिब में बीएसएफ (सीमा सुरक्षा बल) अधिकारियों के निर्देश पर यह घोषणा की। घोषणा के अनुसार, जिन किसानों की जमीन भारत–पाकिस्तान सीमा के तारों के उस पार है, उन्हें दो दिन के भीतर अपनी फसल काट लेनी होगी। इसके बाद सीमा को पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा और किसी भी किसान को फसल काटने की अनुमति नहीं दी जाएगी। गुरुद्वारा साहिब के बाबा ने इस दौरान उपस्थित लोगों को इस आदेश की गंभीरता को समझाते हुए तत्काल कार्रवाई करने की अपील की। रोड़ावाला गांव के सरपंच तरसेम सिंह ने मीडिया से बातचीत में कहा, हमें बीएसएफ अधिकारियों से स्पष्ट निर्देश मिले हैं कि जिन किसानों की जमीन सीमा पार है, वे दो दिन के भीतर अपनी फसल काट लें। इसके बाद गेट बंद कर दिया जाएगा, और किसी को भी वहां जाने की इजाजत नहीं होगी। यह निश्चित रूप से एक मुश्किल समय है, लेकिन हम बीएसएफ के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। देश और उसकी सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। हमने अपने किसानों से अनुरोध किया है कि वे जल्द से जल्द अपनी फसलों की कटाई पूरी कर लें। इस घोषणा के बाद गांव के किसानों में तेजी से फसल कटाई का काम शुरू हो गया है। गांव के एक किसान हरदेव सिंह ने मीडिया को बताया, हमारी जमीन बाड़ के उस पार है।

## एक नजर

### डाकपत्थर चौकी इंचार्ज के आवास पर लगी आग, सामान जलकर राख

विकासनगर। शनिवार दोपहर को अचानक डाकपत्थर पुलिस चौकी में चौकी प्रभारी के आवासीय कमरे में आग लग गई। आग से कमरे में रखे कपड़े, विस्तर, घेरेलू उपकरण जलकर राख हो गए। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग को फैलने से बचाया। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। शनिवार दोपहर को डाकपत्थर चौकी इंचाज विवेक भंडारी के आवासी परिसर में अचानक आग लग गई। आग लगने चौकी और आसपास हड़कंप मच गया। पास ही में फायर बिग्रेड का ऑफिस है। हालांकि फायर सर्विस डाकपत्थर की टीम तुरंत ही मौके पर पहुंच गई थी। कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत कर बमुश्किल आग पर काबू पाया। जिससे आग आसपास के कमरों और पुलिस आवासों तक नहीं पहुंच पाई। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो बड़ा नुकसान हो जाता। चौकी इंचार्ज विवेक भंडारी ने बताया कि आग शार्ट सर्किट होने से लगी।

### रामपुर—शंकरपुर में गुलदार ने तीन बकरियों को बनाया निवाला

विकासनगर। पछवादून में गुलदार ने एक बार फिर दस्तक दे दी है। विकास खंड सहसपुर के गांव रामपुर–शंकरपुर (हुकुमतपुर) में देर रात्रि गुलदार ने अचानक चार बकरियों पर हमला कर दिया। जिससे तीन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चौथी बकरी को गुलदार बुरी तरह से घायल कर गया। उधर इस संबंध में वन विभाग के अफसरों का कहना है कि गुलदार की गतिविधियों को जानने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाकर निगरानी की जा रही है। पछवादून में एक बार फिर से गुलदार चलह कदमी करता नजर आया। कई लोगों में गुलदार को अपने मोबाइल के कैमरे में भी कैद किया और सोशल मीडिया पर वायरल भी किया था, लेकिन वन विभाग ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। शुक्रवार देर रात गुलदार ने सहसपुर के रामपुर– शंकरपुर में एक व्यक्ति के बकरियों पर हमला कर दिया। जिससे तीन बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक बुरी तरह घायल हो गई । बकरियां आसि पुत्र इस्माईल निवासी वार्ड संख्या आठ शंकरपुर–हुकुमतापुर की थी। गुलदार के चहल कदमी से ग्रामीण में भी दहशत का माहौल है। वन क्षेत्र अधिकारी सहसपुर पंकज ध्यानी का कहना है कि गुलदार पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाए जा रहे हैं। ग्रामीणों को भी सुरक्षित रहने की सलाह दी जा रही है।

### चोरों ने तीन घरों के ताले तोड़े

नई टिहरी : भिलंगना ब्लाक के सिल्यारा गांव में चोरों ने तीन घरों के ताले तोड़ हाथ साफ किया है। तीनों परिवार के लोग घर पर नहीं थे। जिसका लाभ चोरों ने उठाया। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। घटना का पता तब चला जब दिन में घर के मालिक घर पर पहुंचे तो ताले टूटे हुये मिले। जिसके बाद अन्य दो घरों के ताले भी टूटे मिले। जहां पर कपड़े व अन्य सामान बिखरा मिला। हालांकि अभी तक चोरी हुए सामान की जानकारी नहीं हो पाई है। पीड़ित डबली देवी, सुलोचना देवी व प्रीतम सिंह आदि घर पर नहीं पहुंचे हैं। उनके आने के बाद ही चोरी किए गए सामान का पता लग पाएगा। (एजेंसी)

### पहलगाम हमला : सामने आया रोंगटे खड़े करने वाला नया वीडियो, पर्यटकों को गोली मारता दिखा आतंकी

पहलगाम ,बीते 22 अप्रैल को जम्मू–कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसरन में हुए भीषण आतंकी हमले का एक नया और विचलित कर देने वाला वीडियो सामने आया है। इस हमले में आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी थी और 17 अन्य घायल हो गए थे। सामने आए इस नए वीडियो में आतंकी कायराना हरकत को अंजाम देते दिख रहे हैं। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि सफेद कपड़े पहने एक पर्यटक खड़ा है, जिसके ठीक सामने काले कपड़ों में एक आतंकवादी मौजूद है। अचानक आतंकवादी सामने खड़े पर्यटक पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर देता है। गोलीबारी होते ही घटनास्थल पर अफरा–तफरी मच जाती है। लोग चीखने लगते हैं और जान बचाने के लिए इधर–उधर भागते नजर आते हैं, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल जाती है।

### आतंकियों की उल्टी गिनती शुरू

## घाटी में 14 दहशतगर्दों की लिस्ट तैयार



पहलगाम ,। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने आतंकवादियों का सफाया करने के लिए कमर कस ली है। सेना ने घाटी में एक साथ कई बड़े ऑपरेशन शुरू किए हैं और अब तक सात आतंकवादियों के घरों को ध्वस्त कर दिया है। इसके साथ ही सेना ने घाटी में सक्रिय लोकल आतंकवादियों की एक विस्तृत सूची तैयार की है, जिससे अब उनकी ह्यउल्टी गिनतीह्ल शुरू मानी जा रही है।

सेना ने खुफिया जानकारी जुटाकर घाटी में इस समय सक्रिय 14 लोकल आतंकवादियों की पूरी कुंडली निकाल ली है। इन आतंकियों के बारे में सेना के पास विस्तृत जानकारी मौजूद है।

सेना द्वारा तैयार की गई सूची के अनुसार, सोपोर में लश्कर–ए–तैयबा का एक लोकल आतंकी सक्रिय है। अवंतीपोरा में जैश–ए–मोहम्मद का एक आतंकी और पुलवामा में लश्कर और जैश के दो–दो लोकल आतंकी सक्रिय बताए जा रहे हैं। शोपियां में हिजबुल मुजाहिदीन का एक और लश्कर के चार आतंकी मौजूद हैं, जबकि अनंतनाग में हिजबुल के दो लोकल आतंकी सक्रिय हैं। कुलगाम में भी लश्कर का एक लोकल आतंकी सेना की सूची में शामिल है। सेना ने इन आतंकियों के सफाए का अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में, त्राल, अनंतनाग, पुलवामा, कुलगाम और शोपियां में चलाए गए सर्च ऑपरेशनों के दौरान सात आतंकवादियों के घरों को ध्वस्त कर दिया गया है। जिन आतंकियों के घरों पर कार्रवाई हुई है, उनमें शोपियां का शाहिद अहमद कुटी, पुलवामा के हारिस अहमद, त्राल का आसिफ शेख, अनंतनाग का आदिल ठोकेर और कुलगाम का जाकिर अहमद गनई शामिल है। (रिपोर्ट में पुलवामा के हारिस अहमद का नाम दो बार आया है, संभवतः ये दो अलग–अलग मामले हो सकते हैं। सेना की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से घाटी में सक्रिय आतंकियों में दहशत फैल गई है।

### 5 साल बाद फिर शुरू होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा

नई दिल्ली ,आस्था और रोमांच का केंद्र मानी जाने वाली कैलाश मानसरोवर यात्रा पांच साल के अंतराल के बाद इस साल 30 जून से फिर से शुरू होने जा रही है। विदेश मंत्रालय इस यात्रा की देखरेख करेगा, जिसके अगस्त तक जारी रहने की संभावना है। यात्रा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस साल कैलाश पर्वत और मानसरोवर झील के दर्शन के लिए कुल 750 तीर्थयात्री 15 जत्थों में जाएंगे। इन जत्थों को दो अलग–अलग रास्तों से भेजा जाएगा। जानकारी के मुताबिक, 50–50 तीर्थयात्रियों वाले पांच जत्थे उत्तराखंड में लिपुलेख दर्रे से होकर यात्रा करेंगे। वहीं, 50–50 तीर्थयात्रियों के 10 जत्थे सिक्किम में नाथू ला दर्रे के रास्ते कैलाश मानसरोवर के लिए प्रस्थान करेंगे। विदेश मंत्रालय ने इच्छुक तीर्थयात्रियों से यात्रा के लिए ऑनलाइन आवेदन करने को कहा है। इसके लिए मंत्रालय की वेबसाइट पर आवेदन विंडो खोल दी गई है। मंत्रालय ने बताया कि यात्रियों का चयन एक निष्पक्ष, कंप्यूटर द्वारा तैयार और लिंग–संतुलित प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा।

## 2 मई से शुरू होने वाली केदारनाथ यात्रा के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार

### घोड़ा खच्चर व्यवस्था में पारदर्शिता के लिए अभिनव पहल, यात्री स्वयं भी कर सकेंगे खच्चर मालिकों से संपर्क



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : 2 मई से आरंभ हो रही केदारनाथ यात्रा को लेकर जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। हर वर्ष की भांति इस बार भी यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में तीर्थयात्री घोड़े-खच्चरों के माध्यम से केदारनाथ धाम की यात्रा करेंगे। तीर्थयात्रियों की सुविधा एवं उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पशुपालन विभाग द्वारा इस बार यात्रा के लिए 5000 से अधिक घोड़े-खच्चरों का पंजीकरण किया गया है। पशुपालन विभाग ने इस बार एक नई पहल करते हुए 1500 से अधिक घोड़ा-खच्चर संचालकों की जानकारी जैसे नाम, मोबाइल नंबर और आधार संख्या को सार्वजनिक किया है। यह विवरण समाचार पत्रों में विज्ञापन के माध्यम से जारी किया गया है, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और किसी भी आपात स्थिति में तीर्थयात्रियों को इनसे संपर्क करने में आसानी हो। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष रावत ने जानकारी दी कि विभाग द्वारा जनपद क्षेत्रान्तर्गत सभी पंजीकृत घोड़े-खच्चरों में 'इक्वाइन इन्फ्लुएंजा' नामक रोग की जांच की गई है। इस जांच में सभी पशु नेगेटिव पाए गए हैं। इसके उपरांत विभाग द्वारा अब तक लगभग 5000 घोड़े-खच्चरों को फिटनेस प्रमाणपत्र जारी कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त अन्य पशुओं की फिटनेस जांच की प्रक्रिया भी लगातार जारी है। डॉ. रावत ने बताया कि जिन घोड़े-खच्चरों को पूरी तरह से स्वस्थ एवं यात्रा योग्य पाया गया है, उनका पंजीकरण पशु स्वामियों द्वारा जिला पंचायत कार्यालय में करवाया जा रहा है।

## 26/11 हमले के आरोपी तहव्वुर राणा ने झाड़ा पल्ला, दोस्त डेविड हेडली पर फोड़ा ठीकरा



नई दिल्ली ,26/11 आतंकी हमले के मास्टरमाइंड के रूप में जाना जाने वाले तहव्वुर हुसैन राणा ने मुंबई क्राइम ब्रांच की पूछताछ में चौंकाने वाला दावा किया। राणा ने 26/11 आतंकी हमले से अपना पल्ला पूरी तरह से झाड़ लिया है। अधिकारियों ने बताया कि खुद को इस हमले से पूरी तरह बेगुनाह बताते हुए राणा ने कहा कि उसे 26/11 हमले से कोई लेना–देना नहीं है। इस हमले के लिए उसने अपने बचपन के दोस्त डेविड कोलमैन हेडली को जिम्मेदार ठहराया है। राणा ने पूछताछ के दौरान यह भी कहा कि मुंबई हमले की साजिश में उसकी कोई भूमिका नहीं थी। इसमें डेविड हेडली का हाथ था। पूछताछ में राणा ने यह भी बताया कि वह दिल्ली और मुंबई के अलावा केरल भी गया था। जब अधिकारियों ने उससे केरल जाने की वजह पूछी, तो उसने बताया कि वह वहां अपने जानने वालों से मिलने गया था। राणा ने केरल में अपने परिचित व्यक्ति का नाम और पता भी एजेंसी को सौंपा है। इस जानकारी के बाद क्राइम ब्रांच अब राणा के दावों की पुष्टि करने की तैयारी में जुट गई है। संभावना जताई जा रही है कि जांच एजेंसी की एक टीम जल्द ही केरल रवाना हो सकती है, ताकि सच्चाई का पता लगाया जा सके। बता दें कि 26/11 मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को अमेरिका से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया है। राणा को लॉस एंजेल्स से एनआईए और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) की टीमों के साथ एक विशेष विमान से भारत लाया गया। अमेरिका में राणा ने अपने प्रत्यर्पण को रोकने के लिए कई कानूनी कोशिश की, जिसमें अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में आपातकालीन याचिका भी शामिल थी। सभी याचिकाएं खारिज होने के बाद प्रत्यर्पण संभव हो सका। भारत के विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय ने अमेरिकी अधिकारियों के साथ मिलकर इस प्रक्रिया को पूरा किया। एनआईए ने राणा के प्रत्यर्पण के लिए वर्षों तक प्रयास किए। एजेंसी ने अमेरिका की एफबीआई, न्याय विभाग (यूएसडीओजे) और अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर काम किया। राणा पर आरोप है कि उसने मुंबई हमलों की साजिश में अहम भूमिका निभाई थी। मुंबई हमले 26 नवंबर 2008 को हुए थे, जब 10 आतंकियों ने ताज होटल, ओबेरॉय ट्राइडेंट, छत्रपति शिवाजी टर्मिनस और नरीमन हाउस समेत कई जगहों पर हमला किया था। इस हमले ने पूरे देश को झकझोर दिया था।

### ट्रक की चपेट में आने से एंबुलेंस सवार चार लोगों की मौत, दो घायल

मिर्जापुर , उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में शनिवार को एक भीषण सडक़ हादसे ने सभी को स्तब्ध कर दिया। अहरौरा थाना क्षेत्र के हनुमान घाटी के पास एक अनियंत्रित हाईवा ट्रक ने ओबरा से वाराणसी डिलीवरी के लिए जा रही एंबुलेंस को टक्कर मार दी, जिससे एंबुलेंस पलट गई। इस भीषण दुर्घटना में गर्भवती महिला समेत चार लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, वाराणसी–शक्तिनगर मार्ग पर दोपहर लगभग 11 बजे यह हादसा हुआ। ओबरा से वाराणसी एक गर्भवती महिला को डिलीवरी के लिए ले जाया जा रहा था। एंबुलेंस में छह लोग सवार थे। इसी दौरान सोनभद्र की ओर से आ रहा एक हाईवा ट्रक हनुमान घाटी के मोड़ पर एंबुलेंस को पास लेते समय अनियंत्रित हो गया और एंबुलेंस पर पलट गया। हादसे में गर्भवती महिला हीरावती देवी (निवासी कनहरा, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र), सूरज बली खरवार, मालती देवी (निवासी थाना जुगैल, सोनभद्र) और एंबुलेंस में मौजूद प्राइवेट चिकित्सक रामू की मौके पर ही मौत हो गई।

## सोना तस्करी मामले में कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव को झटका



कर्नाटक ,कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव को सोना तस्करी मामले में तगड़ा झटका लगा है। दरअसल, कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शनिवार को उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी। वहीं, इस मामले में दूसरे आरोपी तरुण राजू को भी जमानत देने से इनकार कर दिया है। न्यायमूर्ति सावनूर विश्वजीत शेट्टी की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस संबंध में आदेश पारित किया। इस मामले में रान्या राव की जमानत याचिका अदालत दो बार खारिज कर चुकी है। इस बीच, उन पर विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी गतिविधियों की रोकथाम अधिनियम, 1974 (सीओएफईपी ओएसए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसके तहत केंद्र या राज्य सरकार किसी व्यक्ति को अधिकतम 1 साल तक हिरासत में रख सकती है। केंद्रीय आर्थिक खुफिया ब्यूरो (सीईआईबी), जो वित्त मंत्रालय के तहत काम करने वाली एक मुख्य एजेंसी है, ने एक्ट्रेस और अन्य आरोपियों के खिलाफ सीओएफईपीओएसए अधिनियम लागू किया है। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों ने यह कदम रान्या राव और मामले में अन्य द्वारा जमानत प्राप्त करने के बार–बार प्रयासों के बाद उठाया है। अन्य आरोपी तरुण राजू और साहिल सकारिया जैन पर भी सीओएफईपीओएसए अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रामचंद्र राव की सौतेली बेटी रान्या राव को 14.2 किलोग्राम सोने की तस्करी के आरोप में 3 मार्च को गिरफ्तार किया गया था।

## जो जिस भाषा में समझेगा, उसी भाषा में देंगे जवाब-सीएम योगी आदित्यनाथ



लखीमपुर खीरी ,उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहलगाम में पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमले की निंदा करते हुए यूपी वासियों की ओर से संवेदना और श्रद्धांजलि व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सभ्य समाज में आतंकवाद–अराजकता के लिए कोई जगह नहीं है। भारत सरकार का सेवा, सुरक्षा और सुशासन का मॉडल विकास, गरीब कल्याण और सबकी सुरक्षा पर आधारित है। सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत जिस भाषा में समझेगा, उस भाषा में जवाब देने के लिए नया भारत तैयार है। नया भारत किसी को छेड़ता नहीं, लेकिन छेड़ने वाले को पीएम मोदी के नेतृत्व में छोड़ेगा भी नहीं। जीरो टॉलरेंस नीति के अंतर्गत ही यूपी को माफिया, अराजकता, दंगा मुक्त किया गया और देश को अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में लाकर खड़ा किया। सीएम योगी ने सपा को घेरते हुए कहा कि विकास, महिला, युवा, किसान विरोधी लोगों को जब शासन का अवसर मिला था तो ये लोग किसानों को आत्महत्या, युवाओं को पलायन पर मजबूर करते थे और पेशेवर अपराधियों को संरक्षण देकर बेटी, बहन व व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगाते थे। आज शासन सबकी सुरक्षा के लिए मजबूती से कार्य कर रहा है। कांग्रेस व सपा जाति के नाम पर समाज को बांट रही है। यह छत्रपति शिवाजी, राणा सांगा का अपमान व क्रूर औरंगजेब–बाबर का महिमामंडन करते हैं। लखीमपुर खीरी में शनिवार को मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को ऋण, अनुदान, आवास और ट्रैक्टर की चाबी आदि प्रदान की। बाढ़ नियंत्रण की सकारात्मक पहल के लिए बिजवा और पलिया ब्लॉक के किसानों ने मंच पर आकर मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश को आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का प्रदेश बताते हुए कहा कि बाढ़ हो या बीमारी, नए भारत का नया उत्तर प्रदेश इसके समाधान के लिए बखूबी आगे बढ़ा है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष पलिया और निघासन क्षेत्र के लोगों को बाढ़ से जूझते देखा था, तब मैंने कहा था कि चिंता मत कीजिए, इसके स्थायी समाधान का रास्ता निकालेंगे। जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जल शक्ति विभाग बाढ़ के स्थायी समाधान के लिए शारदा नदी को चैनलाइज करने जा रहा है। इससे किसान का खेत भी बचेगा और बाढ़ से बस्ती भी बचेगी। सात किलोमीटर लंबा चैनल बनाने का कार्य हो रहा है। अप्रैल के पहले सप्ताह में आना था, लेकिन मैंने कहा कि पहले काम शुरू करो। अब यह कार्य तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार जो पैसा खर्च करती है, वह मुख्यमंत्री–मंत्री का नहीं, बल्कि यह जनता के टैक्स का पैसा है। इसका सदुपयोग होना चाहिए। पहले प्रस्ताव आया था कि 180 करोड़ से तटबंध बनाया जाए। इससे किसानों की जमीन भी जाती। मैंने पूछा कि शारदा नदी में तीन–सवा तीन लाख क्यूसेक पानी आएगा तो मिट्टी का तटबंध कैसे इसे रोक पाएगा। यह समस्या का समाधान नहीं है, नदी को चैनलाइज कीजिए, ड्रेजर मंगाइए और नदी को एक साथ चलने का रास्ता दीजिए, तब बाढ़ की समस्या का समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि 180 करोड़ का काम मात्र 22 करोड़ में हो सकता है तो इस कार्य को 10 जून तक पूरा कर दीजिए। मानसून आएगा तो पानी पलिया, निघासन या लखीमपुर खीरी की तरफ नहीं जाएगा, बल्कि सरयू जी में मिलकर आगे बढ़ जाएगा। यदि इसे चैनलाइज कर देंगे तो पानी बिखरेगा नहीं, अपने रास्ते तय करते हुए आगे बढ़ जाएगा, जिससे किसान भी सुरक्षित रहेगा और उसकी खेती, घर, फसल, पशुधन भी सुरक्षित रहेगा। बाढ़ से जन–धन की हानि नहीं होगी। लखीमपुर विकास की नई उंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। अब यहां मेडिकल कॉलेज का निर्माण भी हो गया, जबकि कुछ वर्ष पहले यह सपना था। दुधवा नेशनल पार्क के माध्यम से पर्यटन की संभावना भी बढ़ेगी। लखीमपुर खीरी में एयरपोर्ट हो, इसके लिए पैसा भी दिया है। एयरपोर्ट सुहेली नदी और अन्य जल प्लावन से बचे, इसका भी निरीक्षण करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्नदाता किसान, युवा व आधी आबादी डबल इंजन सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में है। सरकार ने किसानों की कर्ज माफी से कार्यों की शुरुआत की थी। हर किसान को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि दी जा रही है। हमने पहले दिन से ही कहा था कि किसी को भी किसानों के शोषण की इजाजत नहीं देंगे। 2017 के पहले किसानों का 10–10 वर्षों का गन्ना मूल्य बकाया रहता था, आज एक वर्ष पुराना भुगतान किसी का नहीं होगा। 122 में से 105 चीनी मिलें एक सप्ताह के अंदर भुगतान कर रही हैं।

## एक नजर

### पाबौ में किया पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में पाबौ मंडल में भाजपा कार्यकर्ताओं, व्यापारियों ने पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन किया।

पाबौ बाजार में प्रदर्शन करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं व व्यापारियों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि आतंकियों को मौत की सजा दी जानी चाहिए। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने केंद्र सरकार से इस तरह के हमलों को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाने की मांग की है। कहा कि पर्यटकों पर इस तरह का हमला कायराना हरकत है, जोकि किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। प्रदर्शन करने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष विमल नेगी, व्यापार मंडल अध्यक्ष लखपत डोभाल, महामंत्री हरेंद्र कोहली, भरत रावत, गुलाव बिष्ट, सोकार सिंह, सरद पाल, संजय नौटियाल, आशुतोष पोखरियाल, त्रिलोक सिंह, दिनेश सिंह आदि शामिल रहे।

### बस डिपो के बेहतर संचालन के लिए करेगें प्रयास

श्रीनगर गढ़वाल : उत्तराखंड परिवहन निगम के श्रीनगर बस डिपो में शनिवार को उत्तराखंड रोडवेज कर्मचारी यूनियन की एक बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से यूनियन की श्रीनगर शाखा का गठन किया गया। अनुज उप्रेती को शाखा अध्यक्ष और राजेंद्र रावत और जितेंद्र रावत को उपाध्यक्ष चुना गया। अनिल रावत को शाखा मंत्री, संजय सिंह और सुनील सिंह को संयुक्त मंत्री, संगठन मंत्री पद पर गुरविंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर मनोज कुमार, प्रचार मंत्री पद पर दयाल सिंह और कार्यालय सचिव पद पर राजेश कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त शाखा अध्यक्ष अनुज उप्रेती ने कहा कि श्रीनगर बस डिपो में कर्मचारियों और अधिकारियों की भारी कमी है, जिससे डिपो के संचालन में बाधा उत्पन्न हो रही है। उन्होंने बताया कि यूनियन द्वारा इस विषय में विभागीय अधिकारियों से पत्राचार कर कर्मचारियों व अधिकारियों की तैनाती की मांग की जाएगी। उन्होंने डिपो की कार्यशाला की स्थिति पर भी चिंता जताते हुए कहा कि कार्यशाला में कर्मचारियों की नियुक्ति, मजबूत चारदीवारी और टीन शेड जैसी बुनियादी सुविधाओं की आवश्यकता है।

### तीर्थ और देवस्थानों को न छेड़ा जाय : शंकराचार्य

श्रीनगर गढ़वाल : ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने पहलगाम आतंकी हमले में हिन्दूओं को नाम पूछ कर गोली मारने के कृत्य पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी कोई तो शक्ति है जो देश में बहुसंख्यक हिन्दुओं को चुनौती देने का काम कर रही है। ऐसी शक्तियों के चुनौती देने के पीछे के तात्पर्य को समझकर कार्रवाई करने की जरूरत है। सभी हिन्दूओं को अपनी क्षमता को विकसित करने की जरूरत है तभी आत्मरक्षा के साथ हिन्दू सनातन धर्म की रक्षा कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि यदि हम ऐसे करने में सक्षम नहीं हो पाते हैं तो ये हमारी कमजोरी होगी। चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर शंकराचार्य ने कहा कि पहले से ही व्यवस्थाओं को लेकर विचार किया जाय, ताकि श्रद्धालु सुगम आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर सकें। चारधाम यात्रा कपाट खुलने के अवसर पर ज्योतिर्मठ की ओर निकलने से पूर्व शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती शनिवार को बदरीकेदार मंदिर समिति धर्मशाला श्रीनगर में पत्रकारों से मुखातिब हुए। मास्टर प्लान के तहत बदरीनाथ धाम में चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों पर शंकराचार्य ने कहा कि तीर्थ और देवस्थानों को न छेड़ा जाय। कहा कि कई बार सूचनायें मिलती हैं कि धाम में चल रहे कार्यों से तीर्थ और देवस्थानों को बाधा पहुंचती है।

### डॉ. गुप्ता वियतनाम में सम्मानित

श्रीनगर गढ़वाल : वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. केके गुप्ता को वियतनाम के दनांग शहर में आयोजित ओस्टेम वर्ल्ड इम्प्लांट मीट 2025 में इम्प्लांट एक्सपर्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। वियतनाम के दनांग शहर में 22 से 24 अप्रैल तक आयोजित तीन दिवसीय ओस्टेम वर्ल्ड इम्प्लांट मीट–2025 में वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. केके गुप्ता ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में डॉ. गुप्ता को आधुनिक दंत प्रत्यारोपण तकनीकों में उनके उल्लेखनीय योगदान और उत्कृष्ट कार्य के लिए इम्प्लांट एक्सपर्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य विश्वभर के विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर दंत चिकित्सा के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों और आधुनिक इम्प्लांट तकनीकों पर चर्चा करना था।

# वीक एंड पर लैंसडौन में बढ़ी पर्यटकों की भीड़, होटल हुए पैक



लैंसडौन में पहुंचे पर्यटक

### दिल्ली से सात घंटे दूर लैंसडौन में बढ़ी सैलानियों की भीड़

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** मैदान में जहां लगातार गर्मी का पारा चढ़ता जा रहा है। वहीं, पर्यटक सुहावने मौसम का आनंद लेने के लिए पहाड़ का रूख कर रहा है। यही कारण है कि इन दिनों लैंसडौन में सैलानियों की भीड़ बढ़ गई है। वीक एंड पर क्षेत्र के सभी होटल पैक हो चुके हैं। ऐसे में पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों के चेहरे खिल उठे हैं।

शनिवार को पर्यटन नगरी लैंसडौन में सैर-सपाटे के लिए आने वाले पर्यटकों की भीड़ उमड़ पड़ी। हालांकि शुक्रवार से ही नगर में पर्यटकों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। लेकिन शनिवार को सुबह से ही नगर में पर्यटकों के पहुंचने का ग्राफ अचानक बढ़ गया। दरअसल, शनिवार और रविवार के अवकाश के चलते लोग बड़ी संख्या में अपने परिवार के साथ लैंसडौन घूमने के लिए पहुंच रहे हैं। इसके चलते दोपहर तक लैंसडौन के निकटवर्ती क्षेत्र डेरियाखाल, पालकोट, गोयूं, बरस्वार के रिसॉर्ट पूरी तरह बुक हो गए थे। जबकि लैंसडौन नगर के होटलों में भी दिन भर बुकिंग का सिलसिला चलता रहा। शनिवार शाम तक लैंसडौन क्षेत्र के होम स्टे समेत छोटे होटलों की भी बुकिंग लगभग पूरी हो गई। लैंसडौन में पर्यटकों के बड़ी संख्या में पहुंचने के कारण नगर के पर्यटन स्थल भूल्ला लेख, दरबान सिंह संग्राहलय, टिप-इन-टॉप, चर्च रोड़, राठी प्वाइंट, कालेश्वर महादेव मंदिर में चहल-कदमी पूरे दिन देखने को मिली।

### स्थानीय व्यंजनों का लिया स्वाद

नगर के रेस्टोरेंटों में भी पर्यटकों ने स्थानीय व्यंजनों में मंडुवे की रोटी, झंगोरे की खीर, उदड़ की दाल के साथ अरसे समेत चाट–पकौड़ों व समोसों का स्वाद लिया। पर्यटन नगरी के बड़े रिसॉर्ट में पर्यटकों के लिए शाम को लाइव म्यूजिक विद डिनर का भी कार्यक्रम मुख्य रूप से रखा गया था। इस दौरान पर्यटकों ने बुरांस के जूस का भी आनंद लिया। कई पर्यटक बुरांस के जूसों के साथ पहाड़ी दालों को खरीद कर अपने साथ वापस भी ले गए।

### ट्रैकिंग पर भी निकले पर्यटक

पर्यटन नगरी में सैर–सपाटे के लिए पहुंचे कई पर्यटक ट्रैकिंग करते नजर आए। पर्यटकों ने पैदल घूमकर नगर के प्राकृतिक सौंदर्य से साक्षात्कार किया। हालांकि कई रिसॉर्ट की ओर से पर्यटकों को ट्रैकिंग करवाने के लिए व्यवस्था की गई थी। पर्यटकों ने होटलों के गाइडों के साथ मॉर्निंग वाक की। पांच से दस किलोमीटर के बीच टैकिंग के दौरान पर्यटकों ने पहाड़ों की पगडंडियां भी नापी।

# गर्मी ने दिखाए तेवर, जन हुआ परेशान



कोटद्वार में खोह नदी में डुबकी लगते लोग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पिछले कुछ दिनों से कोटद्वार में गर्मी का पारा लगातार बढ़ता जा रहा है। शनिवार को तापमान 37 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। गर्मी से निजात के लिए लोगों ने खोह नदी में पहुंचकर खूब डुबकी लगाई।

गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में लगातार गर्मी का पारा चढ़ता ही जा रहा है। दो दिन पूर्व तक जहां अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस था। वहीं पारा शनिवार को 37 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। सुबह से ही खिल रही तेज धूप ने आमजन को परेशान करना शुरू कर दिया है। ऐसे में लोगों ने गर्मी से निजात के लिए खोह नदी में डुबकी लगाई। वहीं, गर्मी के कारण पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार आग लग रही है। शनिवार को दुगड्डा से गुमखाल के मध्य जगह-जगह जंगल धधक रहे थे। कई स्थानों पर आग राष्ट्रीय राजमार्ग तक पहुंच गई थी। ऐसे में हाईवे से आवागमन करने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# चोरी करने वाले काले गैंग के तीन आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : कोतवाली पौड़ी पुलिस ने बीते दिनों एक मेडिकल स्टोर, एक ऑप्टिकल की दुकान में चोरी व एक बाइक चोरी की घटना का खुलासा किया है। पुलिस ने चोरी की घटना को अंजाम देने वाले काले गैंग के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पौड़ी की अदालत में पेश करने के बाद जिला कारागार खांड्यूसैंण भेज दिया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी की मोटर साइकिल, नगदी, चोरी में उपयोग की गई सामग्री बरामद की है।

बता दें कि पौड़ी में बीते 19 अप्रैल की देर रात को चोरों ने जिला अस्पताल के पास दिव्या ज्योति ऑप्टिकल व बृज मेडिकोज में दुकानों के ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। अगले दिन संचालक प्रीति नौटियाल व इंद्र मोहन नौटियाल दुकान पहुंचे, तो देखा कि दुकान के ताले टूटे हैं। उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी थी। बताया था कि दुकानों के शटर का ताला तोड़ चोरी घटना हुई है। चोरों ने दुकान के अंदर रखी हजारों की नगदी चोरी कर ली है। पौड़ी पुलिस ने मेडिकल स्टोर के संचालक इंद्र मोहन नौटियाल की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु की थी। कोतवाली पुलिस पौड़ी की टीम ने सीआईयू टीम के साथ समन्वय बनाकर चोरी की घटना का खुलासा कर लिया है। दूसरी ओर डीआरडीए कॉलोनी पौड़ी निवासी प्रेम सिंह चौहान ने भी पुलिस को मोटर साइकिल चोरी होने की तहरीर दी थी।

कोतवाल पौड़ी कमलेश शर्मा ने बताया कि दुकानों में चोरी व मोटर साइकिल चोरी प्रकरण को लेकर पुलिस टीम ने 250 सीसीटीवी खंगालने के साथ घटना से जुड़े संदिग्ध व्यक्तियों से जानकारी जुटाई।

### एक करोड़ की लागत से होगी सात किमी. सड़क की मरम्मत

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : लक्ष्मणझूला-दुगड्डा धुमाकोट स्टेट हाईवे नौ में दुगड्डा और ढौंटियाल के बीच खस्ताहाल सड़क की स्थिति सुधारने की कवायद लोनिवि दुगड्डा ने शुरू कर दी है। शासन ने सड़क के सात किमी. हिस्से की मरम्मतीकरण के लिए एक करोड़ रुपये का बजट जारी किया है। लक्ष्मणझूला-दुगड्डा-धुमाकोट स्टेट हाईवे में दुगड्डा से ढौंटियाल के बीच करीब 22.5 किमी. सड़क की स्थिति खस्ताहाल है। दुगड्डा से दो किमी. आगे तक सड़क की हालत सबसे ज्यादा खराब है। मार्ग से रिखणीखाल और नैनीडांडा ब्लॉक के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों के साथ ही नॉर्थ कार्बेट क्षेत्र के अंतर्गत हल्दूपड़ाव, कांडा, मैदावन, लोहाचौड़ तक पर्यटक आवाजाही करते हैं। सड़क खस्ताहाल होने के कारण ग्रामीणों के साथ ही पर्यटकों को मार्ग से जान जोखिम में डालकर आवाजाही करनी पड़ती है। लेकिन, सड़क मरम्मत के बाद आवागमन में काफी लाभ मिलेगा।

# जीवन में लक्ष्य तय कर आगे बढ़े विद्यार्थी

### विस अध्यक्ष ने उदयरामपुर में संचालित दीदी की पाठशाला में बच्चों से की मुलाकात

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** उदयरामपुर में संचालित 'दीदी की पाठ-शाला' में पहुंची विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने वहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों से मुलाकात की। इस दौरान विस अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य तय कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।जनवरी माह में जय दुर्गा सामाजिक उत्थान संस्थान के माध्यम से उदयरामपुर में आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों के लिए 'दीदी की पाठशाला' नाम से निःशुल्क पाठशाला चल रही है, जिसका संचालन गोलू जखमोला कर रहे हैं। पाठशाला में पहुंची विस अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने बताया कि जब भी वक्त मिलता है, वे बच्चों को पढ़ाने इस पाठ-शाला में आती हैं। बताया कि पाठशाला शुरू करने का उद्देश्य बच्चों का ध्यान



दीदी की पाठशाला में बच्चों से वार्ता करती विस अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण

मोबाइल से हटा कर पुनः किताबों में लाने का है। कहा कि पाठशाला में आने वाले बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ते है अथवा उनके परिवार की आर्थिक स्थिति अभी खराब है। बताया कि पाठशाला में बच्चों के मानसिक व शारीरिक विकास पर जोर दिया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने बच्चों से सवाल भी पूछे, जिनका बच्चों ने बखूबी जवाब भी दिया। उन्होंने बच्चों को बैग, कापी, पेन, मिष्ठान वितरित किया। साथ ही पाठशाला के लिए कंप्यूटर दिया, जिससे बच्चों को कंप्यूटर के माध्यम से भी ज्ञान मिलता रहे। इस अवसर पर मनीष भट्ट, सुभाष जखमोला, गिरीश जखमोला, रोशन केष्टवाल, सुमन आदि मौजूद रहे।

# शेक्सपियर के प्रसिद्ध नाटक मैकबेथ का किया मंचन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इंटरनेशनल इंग्लिश डे पर विलियम शेक्सपियर के प्रसिद्ध नाटक मैकबेथ का सफल मंचन किया गया। नाटक में जीवन के संघर्षों को दिखाया गया है। कहा कि शेक्सपियर के नाटकों में कठिन परिस्थितियों में रहकर अपना मुकाम हासिल करना दिखाया गया है।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डीएस नेगी व अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डा. वर्षा सिंह ने किया। कार्तिक, अतुल रावत, हिमानी, लक्ष्मी, मानसी, नवीन बिष्ट, प्रगति राणा, प्रियंका भट्ट, कीर्ति ने विलियम शेक्सपियर के प्रसिद्ध नाटक मैकबेथ का सफल मंचन किया। डा. वर्षा सिंह ने कहा कि जीवन में आने वाली हर परिस्थिति के लिए शेक्सपीयर एक उदाहरण है। कहा कि जीवन में अपना उद्देश्य खोजने के लिए संघर्ष हो या आप अपनी महत्वाकांक्षाओं



कोटद्वार महाविद्यालय में नाटक का मंचन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षक

को अपूर्ण देख कर जलन कर रहे हो। कहा कि शेक्सपियर के पात्र जिन मुश्किल परिस्थितयों में खुद को पाते है, वे बेहद ही प्रासांगिक हैं। इस कारण ही शेक्सपियर एक टाइमलेस नाटककार के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने मैकबेथ, हैमलेट, रोमियो एंड जूलियट, टेंपेस्ट, किंग लियर नाटकों की रचना की। जिनका कि बालीवुड व हालीवुड दोनों सिनेमा जगत में छायांकन किया जा चुका है। इस मौके पर डा. जुनिश, डा. अमित कुमार गौड़, डा. विजयलक्ष्मी मौजूद रहे।

### आयुष प्रधानमंत्री और तनुज बनें सेनापति

श्रीनगर गढ़वाल : सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज श्रीकोट गंगानाली में शनिवार को छात्र संसद के लिए चुनाव संपन्न हुए। विधिवत चुनाव के आयोजन के लिए सर्वप्रथम चुनाव आयोग का गठन हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य भीमराज बिष्ट को मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी, पीठासीन अधिकारी सुनील नौटियाल, कृष्ण किशोर भंडारी और चुनाव आयुक्त किरन भट्ट के दिशा निर्देशन में चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। मुख्य चुनाव अधिकारी भीमराज बिष्ट ने बताया कि सेनापति और प्रधानमंत्री पद के लिए चुनाव हुआ, जिसमें दोनों पदों के लिए चार–चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया। प्रधानमंत्री पद पर आयुष पटवाल और सेनापति पद पर तनुज कैंतुरा ने जीत हासिल की है। बताया कि चुनाव में छात्र–छात्राओं ने 94 प्रतिशत छात्र–छात्राओं ने मतदान किया। विद्यालय के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। इस मौके पर मुकेश नेगी, बिरेंद्र रावत, विनोद जोशी, सुरेश दत्त गैरोला, पुरूषोत्तम गैरोला, तेजपाल नेगी, इशानी, मुकुल थपलियाल, सच्चिदानंद, सुरेंद्र बमराड़ा आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# छात्रों को चुनावों में भागीदारी के लिए प्रेरित किया

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : निर्वाचन विभाग के तत्वावधान में स्वीप कार्यक्रम के तहत राजकीय पॉलिटेक्निक पौड़ी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत ने छात्रों को लोकतंत्र में मतदान की अहम भूमिका के बारे में जानकारी देते हुए आगामी चुनावों में भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान मतदाता जागरूकता को लेकर छात्रों ने नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रतियोगिता और वाद-विवाद प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मुख्य विकास अधिकारी ने उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। पॉलिटेक्निक परिसर में आयोजित मुख्य विकास अधिकारी ने छात्र-छात्राओं को मतदान की शपथ दिलाते हुए उन्हें अपने मताधिकार के प्रति जिम्मेदारी और उत्तरदायित्व की भावना उत्पन्न करने को लेकर प्रेरित किया। कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण कर्तव्य भी है। हर वोट देश के भविष्य को तय करने में निर्णायक भूमिका निभाता है। मतदान केवल एक संवैधानिक अधिकार नहीं, यह एक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। युवाओं को अपने वोट की शक्ति को समझना चाहिए, क्योंकि एक-एक वोट से ही लोकतंत्र की नींव मजबूत होती है। आज के छात्र कल के मतदाता हैं और उनकी जागरूकता ही एक सशक्त भारत की दिशा तय करेगी। इस मौके पर एसडीएम दीपक रामचंद्र सेट, राजकीय पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य अभिनव थपलियाल, विभागाध्यक्ष कुसुम बर्तवाल, विजय, दीपक, राजीव आदि शामिल रहे।

# यात्रियों के लिए उपलब्ध रहेगा गर्म पानी, स्वच्छता पर रहेगा विशेष ध्यान



### मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने केदारनाथ यात्रा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने शनिवार को केदारनाथ धाम पहुंचकर आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियों और व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले केदारनाथ में चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने रुद्र प्वाइंट और घोड़ा पड़ाव का भी निरीक्षण किया। इन स्थलों पर उन्होंने यात्रियों की भीड़ प्रबंधन, पेयजल, चिकित्सा, विश्राम और सफाई व्यवस्था की समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने मंदाकिनी और सरस्वती नदियों पर बनाए गए बेली ब्रिज का भी निरीक्षण किया। उन्होंने जानकारी दी कि इस पुल का कार्य पूरा हो चुका है, जिससे यात्रियों को आने-जाने में और अधिक सुविधा और सुगमता प्राप्त होगी। उन्होंने आस्था पथ पर बने रेन शेल्टरों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए इन रेन शेल्टरों में एलईडी साइनेज लगाए जाने चाहिए, ताकि यात्रियों को यह स्पष्ट जानकारी मिल सके कि शौचालय, मेडिकल सहायता और अन्य जरूरी सुविधाएं किस स्थान पर उपलब्ध हैं। मुख्य सचिव ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि कतार में खड़े यात्रियों को गर्म पानी की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए, ताकि वे ठंडे मौसम में भी आरामदायक अनुभव प्राप्त कर सकें। उन्होंने मंदिर परिसर से लेकर सरस्वती नदी के किनारे बने आस्था पथ तक की स्वच्छता व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और वहां स्थापित शौचालयों की स्थिति को परखा। इसके साथ ही उन्होंने गढ़वाल मंडल विकास निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रा मार्ग में बने सभी कॉटेजों की मरम्मत समय पर पूरी की जाए और उनकी साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान किसी भी यात्री को असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध और सुचारू रूप से पूरी कर ली जाएं। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने मुख्य सचिव को बताया कि केदारनाथ यात्रा से जुड़े सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं। यात्रा मार्ग से लेकर धाम क्षेत्र तक सभी जरूरी व्यवस्थाएं समय पर पूरी कर ली गई हैं। जो कुछ शेष कार्य हैं, उन्हें भी यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व पूर्ण कर लिया जाएगा।

### यात्रा को लेकर पुलिस की सभी तैयारियां पूरी

पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रह्लाद कोंडे ने बताया कि सुरक्षा दृष्टि से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। यात्रा मार्ग पर पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित कर दी गई है। अधिकारियों और पुलिस कर्मियों को नियमित रूप से यात्रा मार्ग की चेकिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि यात्रा अवधि के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पूर्व से ही विस्तृत ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है, ताकि किसी भी स्थान पर जाम की स्थिति न बने। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा आपदा प्रबंधन से जुड़ी टीमें भी यात्रा मार्ग पर सक्रिय रहेंगी, ताकि किसी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके।

### शंकराचार्य बोले हमें खुद तैयारी करनी होगी

श्रीनगर गढ़वाल : पहलगाम आतंकी हमले पर केन्द्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन पर शंकराचार्य ने कहा कि सरकार तो चुनाव प्रचार में व्यस्त है। देश के प्रधानमंत्री बिहार में जाकर प्रचार कर रहे हैं। हमले के बाद भी देश के राज्यों में अलग–अलग सरकारें अपने–अपने निर्धारित कार्यक्रमों को निरस्त नहीं कर पाई हैं। कहा कि 48 घंटे से अधिक समय बीत गया है, अभी तक भारत सरकार की ओर से दिवंगतों के लिये औपचारिक प्रार्थना तक नहीं की गयी है। घटना के आचरण से लग रहा है कि हमें खुद तैयारी करनी होगी। कहा कि हमारे लिये रोने वाला भी कोई नहीं है और कुछ करने वाला तो दूर की बात है। पूरे देश में बस माहौल बनाया जा रहा है, लेकिन कोई सरकार से पूछने वाला तक नहीं है कि जब सभी सूत्र आपने हाथ में लिये थे तो यह सब घटना हुई कैसे। शंकराचार्य ने कहा कि पुलवामा में हुई भीषण घटना के बाद सरकार ने कहा था कि अब दुबारा किसी की हिम्मत नहीं होगी, लेकिन आतंकियों ने दुबारा हिम्मत की है। अभी सब विवश हैं पहले सेना के जवानों को मारा गया, अब आम लोगों को उनका धर्म पूछ कर मारा जा रहा है। इसलिये सभी हिन्दूओं को तैयारी के साथ रहने की जरूरत है। सिंधु नदी के पानी रोकने पर शंकराचार्य ने कहा कि उन्होनें विशेषज्ञों से जब पानी रोकने के उपाय पूछे तो संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

# घायल चालक को किया एम्स रेफर, विधायक ने जाना घायलों का हालचाल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : बीते शुक्रवार को बीआर मॉर्डन स्कूल के बच्चों को छुटटी के बाद घर ले जा रही निजी वैन के दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। दुर्घटना में घायल हुए बच्चों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

घटना में घायल एक ग्रामीण की बीते शुक्रवार की देर रात को एम्स ऋषिकेश में मौत हो गई थी। वहीं, शनिवार को जिला अस्तपाल में भर्ती चालक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे हायर सेंटर एम्स ऋषिकेश के लिए रेफर कर दिया गया है। दुर्घटनाग्रस्त वाहन में घायल हुए बच्चों का हालचाल जानने के लिए शनिवार को अस्पताल में दिनभर लोगों की भीड़ लगी रही। ग्रामीणों के साथ ही घायल बच्चों के परिजन दिनभर अस्पताल में घायलों का हालचाल जानने आते रहे।

शनिवार को देहरादून से पौड़ी पहुंचे विधायक ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जानते हुए चिकित्सकों को बेहतर उपचार के निर्देश दिए। बीते शुक्रवार को बीआर मॉर्डन स्कूल के बच्चों को छुटटी के बाद घर ले जा रही निजी वैन मासौ दाणाधार भिताई खंडाह मोटर मार्ग पर भिताई व मासौ के बीच दुर्घटनाग्रस्त होकर करीब डेढ़ सौ गहरी खाई में गिर गई थी।

वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से वाहन में सवार 8 बच्चों के साथ ही वाहन चालक व एक अन्य ग्रामीण घायल हो गए थे। दो गंभीर घायल बच्चों को एयरलिफ्ट किया गया था। जबकि एक गंभीर घायल विजय सिंह को श्रीनगर के लिए रेफर किया गया था। विजय सिंह को श्रीनगर से एयर एबुलेंस से एम्स ऋषिकेश भेजा गया था। जहां विजय सिंह ने देर रात को एम्स ऋषिकेश में दम तोड़ दिया था। शनिवार को विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी ने जिला अस्तपाल में भर्ती भिताई मल्ली निवासी अनुज, वंशिका, आकृति, दिव्यांशी, अदिति, अर्चित नेगी व चालक अनिल कुमार का हालचाल जाना।

इस दौरान विधायक के निर्देश पर अनिल कुमार की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे एबुलेंस के माध्यम से एम्स ऋषिकेश के लिए रेफर किया गया। जबकि अन्य घायलों का उपचार अस्पताल में चल रहा है। एसडीएम दीपक रामचंद्र सेट ने बताया कि घायल विजय सिंह ने देर रात को एम्स ऋषिकेश में दम तोड़ दिया। सीएमओ पौड़ी डा. पारूल गोयल ने बताया कि घायलों का जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है, जबकि चालक को एम्स ऋषिकेश के लिए रेफर किया गया है। अस्पताल प्रबंधन को घायलों का बेहतर उपचार करने के निर्देश दिए गए हैं।

# विहिप और बजरंग दल ने फूंका पाकिस्तान का पुतला

रुद्रप्रयाग : बीते दिनों जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना पर आक्रोश जताते हुए विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मुख्यालय में प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान का पुतला दहन किया।

इस दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए भारत सरकार से इसका मुंहतोड़ जबाव देने की मांग की गई। शनिवार सुबह साढ़े 10 बजे विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह नेगी के नेतृत्व में विहिप एवं बजरंग दल ने मुख्य बाजार हनुमान चौक में पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन किया। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। साथ ही पाकिस्तान का पुतला दहन किया। विहिप के प्रांत कार्यकारिणी अध्यक्ष चिंतामणि सेमवाल ने कहा कि पाकिस्तान परस्त आतंकियों ने जिस तरह निदोर्ष पर्यटकों को निशाना बनाते हुए कायरनामा हरकत की है उसको लेकर सम्पूर्ण देश में आक्रोश की ज्वाला है। देश का हर व्यक्ति घटना से आक्रोशित है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को इसका मुंहतोड़ जबाव देना चाहिए। विहिप के जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह नेगी ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने आंतक को पनाह देने वाले पाकिस्तान का पुतला दहन कर विरोध व्यक्त किया है। साथ ही केंद्र सरकार से इस मामले में कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। इस मौके पर बजरंग दल के जिलाध्यक्ष राहुल खन्ना ने कहा कि जिस तरह पहलगाम में पर्यटकों से उनका धर्म पूछकर गोली मारकर हत्या की गई, वह हिन्दुओं का खून खौला रही है। अब केंद्र सरकार को आतंकियों को ऐसी सजा देनी चाहिए कि वे कभी ऐसी घटनाओं की सोच भी ना सके।



## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री जुनेरा एवं पुत्र आसिफ के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम त्रुटिवश कासिम गलत अंकित हो गया है। जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम अल्ला रक्खा है। अतः मेरी पुत्री जुनेरा एवं पुत्र आसिफ के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम अल्ला रक्खा अंकित कर जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाय।

**अल्ला रक्खा पुत्र स्व. नूरा निवासी स्टेडियम के पास झूलाबस्ती नई बस्ती, लकड़ी पड़ाव, पट्टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(0946/21)

## संक्षिप्त समाचार

### अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में बिड़ला परिसर का रहा दबदबा

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में अंतर महाविद्यालय सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक प्रतियोगिता में बिड़ला परिसर का दबदबा रहा। बिड़ला परिसर ने सांस्कृतिक और शैक्षणिक दोनों प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि शैक्षणिक प्रतियोगिताओं में द्वितीय स्थान में डीबीएस पीजी कॉलेज तथा तृतीय स्थान एसआरटी और डीएवी पीजी कालेज देहरादून ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। वहीं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में द्वितीय स्थान डॉल्फिन पीजी कॉलेज देहरादून तथा तृतीय स्थान एसआरटी टिहरी परिसर ने प्राप्त किया। इन प्रतियोगिताओं में ऑवर ऑल चैम्पियन बिड़ला परिसर घोषित हुआ तथा रनरअप के रूप में डीएवी ने स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह के अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र तथा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी गुसांई, कार्यक्रम सम्नवयक प्रो. अतुल ध्यानी ने कार्यक्रम की सफलता के लिए विभिन्न समितियों के प्रभारी तथा सदस्यों का धन्यवाद किया। इस मौके पर प्रो. एससी सती, प्रो. विजयकांत पुरोहित, डॉ. विजय ज्योति, डॉ. श्वेता कपूर, डॉ. शंकर परगाई, डॉ. घनश्याम ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### संक्रमित घोड़े-खच्चर सोनप्रयाग-गौरीकुंड पहुंचने का आरोप लगाया

रुद्रप्रयाग : घोड़ा-खच्चर मजदूर ट्रेड यूनियन के अध्यक्ष गोविंद सिंह रावत एवं गौरीकुंड के पूर्व प्रधान राकेश गोस्वामी ने सोनप्रयाग एवं गौरीकुंड में संक्रमित घोड़े-खच्चर पहुंचने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पशुपालन और प्रशासन की लापरवाही से संक्रमित घोड़े-खच्चर यहां पहुंच रहे हैं जिससे और खच्चर भी प्रभावित हो रहे हैं। प्रेस को जारी बयान में उन्होंने कहा कि बीते कई दिन हार्स फ्लू के चलते घोड़े-खच्चरों का पंजीकरण रोका गया किंतु वर्तमान में बाहरी क्षेत्रों से कई घोड़े-खच्चर सोनप्रयाग और गौरीकुंड पहुंच रहे हैं, उनमें संक्रमण होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि सोनप्रयाग-गौरीकुंड में कई खच्चरों को खांसी की शिकायत हो रही है हालांकि स्थानीय लोग अपने स्तर से जागरूक है और उन्हें स्वयं ही क्वारंटीन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि बेहतर व्यवस्थाएं न की गई तो यात्रा में संक्रमण से सभी घोड़ा-खच्चरों को दिक्कतें हो सकती है। इधर, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी आशीष रावत ने बताया कि वर्तमान में खच्चरों में संक्रमण जैसी कोई सूचना नहीं है। पशु पालन ने एक डिप्टी सीवीओ के नेतृत्व में एक टीम सोनप्रयाग भेजी है जो यहां तैनात चिकित्सक एवं कार्मिकों को प्रशिक्षण देगी। टीम सभी तरह की रिर्पोट देगी।

### होटल व्यापारियों को दी जरूरी जानकारी

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ धाम यात्रा में यात्रियों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा होने की स्थिति से निपटने के लिए फाटा में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फाटा में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा होटल, लॉज एवं रिसॉर्ट संचालकों को कई जरूरी जानकारियां दी गई। शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फाटा में जिला चिकित्सालय से पहुंचे विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कई उपयोगी जानकारियां दी गई। जिससे विषम परिस्थिति में यात्रियों की मदद की जा सके। डॉ. भवानी शंकर एवं डॉ. साकेत ने बताया कि सभी होटल व्यापारी अपने प्रतिष्ठान में फास्ट एड बॉक्स अवश्य रखें।

उन्होंने बताया कि यात्रियों का स्वास्थ्य खराब हो जाने की स्थिति में उन्हें यात्रा में जल्दबाजी न करने के लिए कहें। साथ ही सभी व्यवसाई अपने प्रतिष्ठान में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र का फोन नंबर रखें।

### घटना को अंजाम देकर दिल्ली चले जाते हैं आरोपी

पौड़ी : कोतवाल कमलेश शर्मा ने बताया कि चोरी के आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि पहाड़ी क्षेत्रों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर वे दिल्ली चले जाते हैं। बताया कि तीनों आरोपी काले गैंग के हैं। जो पहाडी क्षेत्रों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के बाद दिल्ली चले जाते हैं। आरोपियों का गैंग लीडर गोपाल जुनेजा उर्फ काले है, जो वर्तमान में जिला कारागार पौडी में बंद है। सोनू व गोपाल जुनेजा उर्फ काले थाना रिखणीखाल व कोतवाली पौडी में वर्ष 2021 व 2019 में चोरी के मामलों में जेल जा चुके हैं। सोनू पिछले साल जेल से रिहा होने के बाद दिल्ली चला गया था, जहां वह अपने परिवार के साथ गीता कालोनी में रहता है।

# मुख्य सचिव ने बद्रीनाथ धाम में मास्टर प्लान के कार्यों का लिया जायजा



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : हेलीपैड पर पुलिस के जवानों ने मुख्य सचिव को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। उसके बाद मुख्य सचिव ने बद्रीनाथ में चल रहे मास्टर प्लान के कार्यों निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने एराइवल प्लाजा सिविक एमिनिटी सेंटर बद्रीश व शेष नेत्र झील रिवर फ्रंट और हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को सिविक एमिनिटी सेंटर एराइवल प्लाजा और टूरिज्म मैनेजमेंट सेंटर के कार्यों को मई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यदायी संस्था को हॉस्पिटल को अगस्त तक हैंडओवर करने और रिवर फ्रंट के एफ व जी फेस के कार्य को जल्द ही पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बद्रीनाथ धाम में मास्टर प्लान कार्यों की प्रगति की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने बताया कि पेयजल बिजली आपूर्ति शौचालयों का कार्य पूरा कर लिया गया है। साथ ही कहा कि मास्टर प्लान के तहत ब्रह्मकपाल रिवर फ्रंट आस्था पथ अराइवल प्लाजा दर्शन लाइन का कार्य कपाट खुलने तक पूरा कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि धाम में व्यापारिक प्रतिष्ठानों और स्थानीय लोगों के बिजली और पानी के कनेक्शन का संयोजन भी शुरू कर लिया गया। बताया कि धाम में सुलभ इंटरनेशनल की ओर से शौचालयों को दुरुस्त कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने मुख्य सचिव को जानकारी देते हुए बताया कि धाम के आंतरिक मार्गों का सुधारीकरण भी तेजी से किया जा रहा है। नगर सफाई की व्यवस्था को लेकर पर्यावरण मित्रों की तैनाती की गई है। साथ ही धाम में क्षतिग्रस्त पैदल मार्गों का सुधारीकरण किया जा रहा है। जिसका कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। पुलिस की ओर से सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

# पेंशनर्स को गोल्डन कार्ड की सुविधा का पूरा लाभ देने की मांग

रुद्रप्रयाग : गर्वमेंट पेशंनर्स वैलफेयर आर्गेनाइजेशन ने पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजते हुए शीघ्र कार्यवाही की मांग की है। कहा कि लम्बे समय से पेंशनर्स को गोल्डन कार्ड का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जबकि उनके खातों से इसकी कटौती की जा रही है। गर्वमेंट पेशंनर्स वैलफेयर आर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष सदर सिंह रावत एवं महामंत्री एमपी पुरोहित ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में कहा कि बीते 23 मार्च को श्रीनगर गढ़वाल में पेंशनर्स की बैठक हुई थी, जिसमें समस्याओं पर गहन चर्चा की गई। कई प्रकरण सामने आए जिसको लेकर पेंशनर्सों में आक्रोश है और पेंशनर्स को भविष्य में आंदोलन की राह पर जाने को मजबूर होना पड़ेगा। पेंशनर्स ने कहा कि गोल्डन कार्ड योजना में ओपीडी में निःशुल्क जांच, उपचार, जन औषधि, दवा, पैथोलाजी जांच आदि के लिए निःशुल्क सुविधा है किंतु पेंशनर्स को इसका लाभ नहीं दिया जा रहा है। कहा कि उन्हें ओपीडी में समस्त शारिरिक जांच उच्चकोटि के पैथोलाजी लैब एवं डाइग्नोसिस सेन्टर अनुबन्धित एवं चयनित अस्पतालों में निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई जाए। पेशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स से गोल्डन कार्ड योजना के मासिक अंशदान की कटौती की जा रही है। उस धनराशि का रख-रखाव निदेशक कोषागार के नियंत्रण में रखा जाए और इसी धनराशि में आकस्मिक धनराशि का प्राविधान कर निदेशालय कोषागार स्तर पर गोल्डन कार्ड योजना के क्रियान्वयन के लिए स्टाफ रखा जाए, ताकि धनराशि का सही उपयोग हो सके। उन्होंने कहा कि जो पेंशनर्स गोल्डन योजना से बाहर हो चुके हैं उनको प्रतिपूर्ति चिकित्सा उपचार की सुविधा दी गई किंतु पेंशनर्स पुनः गोल्डन कार्ड योजना में वापस आना चाहते है, उन्हें अंतिम विकल्प का अवसर देकर शामिल किया जाए। कहा कि उच्च न्यायालय ने चिकित्सा उपचार के लिए आदेशित किया है कि हर नागरिक का चिकित्सा उपचार सभी सरकारी निजी अस्पातालों में किया जाए। इसके लिए सभी निजी अस्पतालों में उपचार के लिए शासनादेश निकाला जाए। पेंशनर्स से सेवारत कर्मियों के बराबर अंशदान वसूल किया जा रहा है। पेंशनर्स को 50 फीसदी व पारिवारिक पेंशनर्स को 30 फीसदी पेंशन मिलती हैं। पेंशनर्स से गोल्डन कार्ड अंशदान 50 फीसदी लिया जाए। उन्हेंाने कहा कि सरकार गोल्डन कार्ड योजना में वृद्धि करने का विचार कर रही है ।

## डीएम की जांच में पकड़ा टेंडर फर्जीवाड़ा नगर आयुक्त ने कंपनी को हटाया

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल ने प्रशासक नगर निगम रहने के दौरान छब्बीस वार्डों में डोर टू डोर कूड़ा उठान का काम करने वाली कंपनी इकॉन के टेंडर की जांच करवाई थी। इसमें फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद स्वास्थ्य और वित्त अनुभाग के कुछ तत्कालीन अधिकारियों पर कार्रवाई की तलवार लटक गई है।

निगम स्तर से की जा रही जांच में भी नगर आयुक्त के पद पर तैनात रहे तत्कालीन आईएएस अधिकारियों को गुमराह करने की बात सामने आई है। फिलहाल शनिवार को कर्मचारियों के फिर से हड़ताल करने पर नगर आयुक्त नमामी बंसल ने तत्काल प्रभाव से इकॉन कंपनी को हटा दिया है। जिलाधिकारी सविन बंसल को शिकायत मिली थी कि इकॉन कंपनी के टेंडर में कई तरह की अनियमितताएं बरती गई हैं। इसके बाद उन्होंने एक जांच समिति गठित की थी। जांच में सामने आया कि कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए स्वास्थ्य और वित्त अनुभाग के अधिकारियों ने न केवल कागजों में हेराफेरी की, बल्कि नियम ताक पर रखकर उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाए बिना कंपनी हित में फैसले लिए। यह सिलसिला इसके बाद भी जारी रहा।

2023 में नगर आयुक्त रहे आईएएस अधिकारी ने प्रक्रिया पर सवाल तक उठाए। उनके बाद नगर आयुक्त बने आईएएस अधिकारी ने एमएनएलपी की रिपोर्ट पर वार्ता के लिए लिखा। बावजूद नगर स्वास्थ्य अनुभाग ने आनन फानन में कंपनी को काम जारी रखने का आदेश जारी कर दिया। जबकि उस दौरान प्रशासक रहीं आईएएस अधिकारी से बिना अनुमति लिए कंपनी को काम जारी रखने का आदेश जारी किया गया।

## देशभर में होगा रामाधाम का निर्माण

श्रीनगर गढ़वाल : शंकराचार्य ने निराश्रित सड़कों पर घूम रही गो माता की सुरक्षा को लेकर देशभर में 3 लाख रामाधाम के निर्माण की बात कही। कहा कि 33 कोटि देवी देवताओं से सृजित गो माता को सम्मानजनक स्थिति देने के लिये अब राजनीतिक इच्छाशक्ति पैदा करने का निर्णय लिया गया है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत उत्तराखंड में 70 विधानसभाओं में रामाधाम के तहत 100 गो माता के रहने की व्यवस्था बनाने की योजना है। कहा कि पहला रामाधाम बद्रीनाथ धाम के लिये समर्पित किया जायेगा। देशभर की 4123 विधानसभा क्षेत्रों में रामाधाम का निर्माण करवाया जाएगा। (एजेंसी)

## दुर्घटनाओं के कारणों से सबक लेकर सड़क सुरक्षा मजबूत करें : दीक्षित

नई टिहरी : जिला मुख्यायल पर वीसी कक्ष में डीएम मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में डीएम ने वर्ष 2024-25 में सड़क दुर्घटना एवं उनके कारणों से सबक लेते हुए सड़क सुरक्षा मजबूत करने को निर्देशित किया।



शनिवार को आहूत बैठक में डीएम ने परिवहन एवं पुलिस विभाग द्वारा विभिन्न वादों में किये गये चालान एवं सड़क सुरक्षा को लेकर पूर्व बैठक में दिये गये निर्देशों का अनुपालन एवं वर्तमान इंतजाम आदि की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को आगामी चारधाम यात्रा के मद्देनजर सड़क सुरक्षा को लेकर शेष छूटे कार्यों को तत्काल पूर्ण करने को कहा। डीएम ने बीआरओ के अधिकारी को हिण्डोलाखाल (बगड़धार) में सड़क निर्माण का मलबा हटवाकर सड़क को साफ करवाने, अधिशासी अभियन्ता लोनिवि को जाख में तत्काल क्रैशबेरियर लगवाने, एआरटीओ को ओवर स्पीड में अधिक से अधिक चालान करने तथा ईई लोनिवि नरेन्द्रनगर को गुजराड़ा मार्ग पर दुर्घटना स्थल पर सुरक्षा दीवार लगाने को कहा। डीएम ने कहा कि जिन प्रतिष्ठानों द्वारा रोड पर पानी डाला जा रहा है, उनको नोटिस देकर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। अधिकारियों को सड़क सुरक्षा को लेकर मिसलेनियस में बजट की मांग करने तथा ग्रामीण मार्गों पर पैचवर्क कामों एवं अतिरिक्त डिवाइडर का इस्टीमेट बनाकर उपलब्ध करवाने को कहा गया। चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर अधिकारियों ने बताया कि सड़क सुरक्षा के लिए एनएच 58 पर सिंगटाली-कोडियाला मोटर मार्ग पर पैचवर्क का कार्य कल तक पूरा हो जायेगा। पोखाल-मलेथा में अवशेष क्रैश बेरियर एक सप्ताह में लगने शुरू हो जायेंगे।

# नौगांव में सड़क किनारे से अवैध सामग्री हटायी



उत्तरकाशी। यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के मुख्य पड़ाव नौगांव में पुलिस ने सड़क पर अवैध तरीके से रखी सामग्री को हटाया। सड़क पर सामान फैलाने से नौगांव में जाम की समस्या को देखते हुए पुलिस ने यह कार्रवाई की। साथ ही यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की गयी। पुरोला थानाध्यक्ष मोहन कठैत ने बताया कि पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी के दिशा–निर्देशन में चारधाम यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने एवं जाम से निजात दिलाने को नौगांव क्षेत्र में सड़क किनारे रखे भवन निर्माण सम्बन्धी सामग्री को हटाने की कार्यवाही की गयी। साथ ही बाजार क्षेत्र में सभी दुकानदारों से दुकान के बाहर सड़क पर सामान फैलाकर अनावश्यक अतिक्रमण न करने की हिदायत दी गयी।

थानाध्यक्ष कठैत ने बताया पुलिस की टीम यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिये सौली से लेकर कृष्णा खड सहित डामटा और बर्नीगाड़ क्षेत्र में भी अवैध अतिक्रमण को हटा रही है।

### जल जीवन मिशन के कार्यों में धांधली का आरोप

उत्तरकाशी। विकासखण्ड मोरी के थली भूटोत्रा के ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव में चल रहे पेयजल योजना के कार्यों में गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। मोरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत थली के ओगमेर और बुपैड तोक के ग्रामीणों ने जल संस्थान पुरोला के अधिशासी अभियंता को पत्र लिखकर जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने के कार्य में धांधली का आरोप लगाया था। जिस पर कि अभी तक संज्ञान नहीं लिए जाने व ठेकेदार पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं किये जाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उच्चस्तरीय जांच नहीं की जाती है तो वे कार्यालय में धरना प्रदर्शन और भूख हड़ताल करने पर मजबूर होंगे। ग्रामीणों अबल सिंह, हरेंद्र सिंह, रमेश चौहान, भादर सिंह, सत्य देव व नौनिहाल सिंह आदि ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जल जीवन मिशन में लाखों रुपये की स्वीकृत धनराशि का दुरुपयोग किया गया है और मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा केवल एक नया टैंक बनाया गया, जबकि स्वजल योजना के तहत पहले से ही दो टैंक निर्मित थे, जिनमें केवल लीपापोती कर नई योजना में दिखाया गया।

# बीमार बुजुर्ग को डंडी के सहारे सड़क तक पहुंचाया

उत्तरकाशी। सड़क मार्ग के अभाव में बड़कोट तहसील के अंतर्गत नकोड़ा व कफोला गांव के ग्रामीण आज भी पैदल चलने को मजबूर हैं। यहां शुक्रवार को नकोड़ा गांव के 65 वर्षीय एक बुजुर्ग की अचानक तबीयत खराब हो गई, लेकिन सड़क सुविधा नहीं होने से ग्रामीणों ने बीमार बुजुर्ग को डंडों पर कुर्सी बांधकर इस डंडी के सहारे किसी तरह पैदल सड़क मार्ग तक पहुंचाया। शासन प्रशासन भले ही सड़क सुविधाओं को लेकर कितने ही दावे करें लेकिन, यह तस्वीरें आज भी सरकार की पोल खोलने के लिए काफी हैं। यमुनोत्री विधानसभा क्षेत्र के नकोडा कपोला गांव के 65 वर्षीय सूरत सिंह चौहान की तबीयत खराब होने पर उन्हें परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से लकड़ी की डंडी के सहारे करीब छह किमी पैदल चलकर मुख्य सड़क मार्ग कुथनौर तक पहुंचाया। क्षेत्र निवासी महावीर पंवार, स्थानीय ग्रामीण जसपाल राणा का कहना है कि नाकोड़ा कफोला गांव के लिए सड़क सुविधा नहीं होने से ग्रामीणों को पैदल ही गांव तक पहुंचना पड़ता है वहीं स्कूली छात्रों को भी हर रोज इंटर कॉलेज कुथनौर तक 6 किमी पैदल दूरी नाप कर स्कूल पहुंचना पड़ता है। वहीं इन गांव तक सड़क नहीं होने से कई बीमार लोगों व प्रसव पीड़िताओं को अपनी जान गवानी पड़ती है। ग्रामीणों को इस भय से प्रसव वाली महिलाओं को कई दिनों पहले सुरक्षित स्थानों में बड़कोट या नौगांव में कमरा लेकर रहने को मजबूर होना पड़ता है।करीब 300 की आबादी वाले इन गांवों में आज भी सड़क नहीं पहुंच पाई है। सुविधा से वंचित हैं ग्रामीणों व स्कूली छात्रों को बरसात में गाड़ गदेरों, जंगली जानवरों के भय के बीच जान जोखिम में डाल कर आवागमन करना पड़ रहा है। नकोड़ा व कफोला गांव के ग्रामीणों द्वारा चुनाव में मतदान करने का भी बहिष्कार किया गया था, लेकिन बावजूद इसके ग्रामीणों की सुध लेने वाला कोई नहीं है और उत्तराखंड बने 25 साल होने पर भी यह गांव सड़क मार्ग से नहीं जुड़ सके हैं।

### जगवीर और सुनील को मिली जिम्मेदारी

उत्तरकाशी। राजेन्द्र सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय बड़कोट में शनिवार को शिक्षक अभिभावक संघ एवं पूर्व छात्र परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पीटीए तथा पूर्व छात्र परिषद की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से जगबीर सिंह जयाड़ा को अध्यक्ष, सरदार सिंह को उपाध्यक्ष, डीपी गैरोला को सचिव व जगबीर सिंह जयाड़ा कोषाध्यक्ष तथा सुमन लाल को तकनीकी सलाहकार चुना गया है। वहीं पूर्व छात्र परिषद का गठन करते हुए सुनील थपलियाल को अध्यक्ष, आशीष पंवार को उपाध्यक्ष, डीपी गैरोला को सचिव, सिद्धि प्रसाद भट्ट को कोषाध्यक्ष, योगेंद्र जयाड़ा को सह सचिव तथा निरीश नौटियाल को तकनीकी सलाहकार बनाया गया। वहीं गिरीराज पंवार, सरदार सिंह, भगवती रतूडी, नवीन जगूड़ी, रोहित रावत व महादेव रावत को कार्यकारिणी सदस्य तथा द्वारिका सेमवाल व उपेंद्र असवाल को विशिष्ट सदस्य बनाया गया है।

# राष्ट्रीय मेरिट अवार्ड से सम्मानित होंगे माधव जोशी

उत्तरकाशी। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी उत्तरकाशी के चेयरमैन माधव प्रसाद जोशी को आागामी 13 मई को राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में रेडक्रास सोसायटी के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय मेरिट अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। यह पहला अवसर पर होगा जब सीमांत जनपद उत्तरकाशी से किसी चेयरमैन का चयन प्रतिष्ठित राष्ट्रीय मेरिट अवार्ड के लिए हुआ है। माधव जोशी के चयन होने पर रेडक्रॉस के पदाधिकारियों एवं आजीवन सदस्यों ने खुशी व्यक्त की है। भारतीय रेडक्रॉस समिति के चेयरमैन माधव प्रसाद जोशी ने बताया कि उन्होंने गत वर्ष अगस्त माह में भारतीय रेडक्रास सोसायटी के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय मेरिट अवार्ड के लिए आवेदन किया था। जिसमें उनका चयन राष्ट्रीय मेरिट अवार्ड के लिए हुआ है। जिसकी सूचना उन्हें गत बुधवार को मिली है। कहा कि यह सम्मान 13 मई को उन्हें स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के हाथों राष्ट्रपति भवन में प्रदान किया जाएगा। इससे पूर्व 12 मई को एक भव्य रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने इसका श्रेय अपने बड़े भाई व चारधाम अस्पताल के प्रबंधक डा. केपी जोशी को दिया है।

उन्होंने बताया कि उन्हें इससे पूर्व रेडक्रॉस में मानवता पूर्ण कार्य हेतु 2012 में राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के साथ ही विभिन्न पुरस्कार सामाजिक कार्य के लिए मिल चुके हैं। वहीं माधव जोशी के इस चयन पर रेडक्रॉस समिति के राज्य प्रतिनिधि ओमकार बहुगुणा, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेन्द्र मटूड़ा, अजय पुरी,सहित समिति के सदस्ययो ने खुशी व्यक्त की है।

## कोडिंग से समाधान खोज रहे छात्र—छात्राएं

देहरादून। ग्राफिक एरा के छात्र—छात्राएं कोडिंग स्किल्स का उपयोग करके समाज की ज्वलंत समस्याओं के समाधान खोज रहे हैं। वे लगातार एक दिन और एक रात प्रोटोटाइप बनाकर अपनी प्रतिभा नुमायां करेंगे। इसके लिए ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में शनिवार से हैक—ओ—होलिक नामक रोचक तकनीकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छात्र—छात्राओं की 110 टीमों को विभिन्न वर्गों में समस्याएं दी गई हैं। उन्हें 24 घंटों के अंदर एआई, एमएल, आईओटी, वेब एप्लीकेशंस व अन्य तकनीकों की मदद से प्रोटोटाइप तैयार करने होंगे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. राकेश कुमार शर्मा ने कहा कि हैकथॉन प्रतियोगिताएं छात्र—छात्राओं में टीम भावना, नवाचार व रचनात्मकता का विकास करती हैं। अपने आइडियाज को सच में बदलने का यह जोश छात्र—छात्राओं को मानसिक रूप से भी मजबूत बनाएगा। ये कौशल उद्योग जगत में कामयाब हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रतियोगिता में छात्र—छात्राएं सोशल मीडिया व इंटरनेट पर फर्जी तस्वीरों (डीप फेक) का पता लगाने वाला एआई मॉडल बना रहे हैं।

### वेतन विसंगति की रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग

देहरादून। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद (एक गुट) की बैठक में मांगों पर कार्यवाही नहीं होने पर रोष जताया गया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विनोद चौहान की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वेतन विसंगति समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक किए जाने और सभी विभागों के लेखा संवर्ग का वेतनमान कोषागार कर्मियों की भांति किए जाने की मांग की गई। इसके अलावा कर्मचारियों को एसीपी का लाभ पूर्व की भांति 10, 16, 26, वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर पदोन्नति वेतनमान के साथ लागू किए जाने, केसलैस चिकित्सा सुविधा जैसी मांगों पर चर्चा की गई। इसके अलावा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को तृतीय एसीपी में 4200 का ग्रेड वेतन दिए जाने की मांग की गई। बैठक में तय किया गया कि इस संबंध में शीघ्र ही एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिलेगा और अपनी मांगों से अवगत कराएगा। यदि सरकार ने वक्त रहते मांगों पर कार्यवाही नहीं की तो संगठन आंदोलन को मजबूर होगा। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री गुड्डी मट्टूडा ने किया।

# रोजाना एक घंटा कोई फील्ड गेम खेलें: रेखा

देहरादून। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि सभी लोग खेल को जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। रोजाना एक घंटा किसी न किसी फील्ड गेम को जरूर दें। आर्या ने शनिवार को परेड ग्राउंड के मल्टीपरपज हॉल में 15वीं नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप का बतौर मुख्य अतिथि शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अगर आप अपने जीवन में एक स्पोर्ट्स कार्ड बना लेते हैं, तो हेल्थ कार्ड, आयुष्मान कार्ड और गोल्डन कार्ड जैसे तमाम हेल्थ इंश्योरेंस कार्डों की जरूरत कम पड़ेगी। खेल मंत्री ने कहा कि स्पोर्ट्स कार्ड से उनका अर्थ यह है कि अपने दिनचर्या में रोजाना कम से कम एक घंटा किसी एक फील्ड गेम को देना शुरू करें। खेल मंत्री ने कहा कि ताइक्वांडो जैसा खेल लड़कियों के कैरियर और स्वास्थ्य के साथ—साथ उनकी आत्मरक्षा के लिए भी जरूरी है। ताइक्वांडो में 38वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया था। धीरे–धीरे उत्तराखंड इस खेल का हब बनता जा रहा है। आयोजक संगठन के अध्यक्ष और पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि खेल हमें टीम भावना सिखाते हैं, इसलिए हर युवा को किसी न किसी खेल से जुड़ने का प्रयास करना चाहिए।

## तनाव से मुक्त होने के लिए छात्रों ने विभिन्न गतिविधियां की

ऋषिकेश । स्कूलों में शनिवार का दिन बच्चों के लिए पढ़ाई से इतर फुल मस्ती का रहा। वजह स्कूलों में बस्ता मुक्त दिवस मनाया गया, जिसके तहत विद्यालयों में बच्चों के बीच विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की गईं। ऐसे में बच्चों ने खेलकूद के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर खूब मस्ती की। बस्ता मुक्त दिवस पर बच्चे तनाव मुक्त होकर काफी उत्साहित नजर आए। शनिवार को श्री भरत मंदिर इंटर कॉलेज में बस्ता मुक्त दिवस पर बच्चों को तनाव मुक्त होकर पढ़ने को प्रेरित किया गया। प्रधानाचार्य यमुना प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि बैगलेस डे का उद्देश्य तनाव मुक्त शिक्षा और छात्र–छात्राओं का शारीरिक और मानसिक विकास करना है। बच्चों ने चित्रकला, म्यूजिकल चेयर, भाषण, गायन, श्लोक वाचन आदि गतिविधियों में शिरकत की और आनंद उठाया। मौके पर भगवती प्रसाद जोशी, नीलम जोशी, संजीव चौधरी, संजीव कुमार, जयकृत रावत, जितेंद्र बिष्ट, संजीव कुमार, अजय कुमार, नवीन मेंदोला, धनंजय रागड़ आदि उपस्थित रहे। ऋषिकेश पब्लिक स्कूल में बैग फ्री डे पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें बच्चों ने वर्तनी प्रतियोगिता, मौखिक अभिव्यक्ति, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आदि में शिरकत की और अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

**छात्र—छात्राओं को करिअर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी**

दी हिमालय ट्रस्ट में आकृति बहुगुणा ने इंटरमीडिएट के छात्र—छात्राओं को करिअर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी। जगरनाथ विश्व लॉ कॉलेज की ओर से विधिक जागरूकता कार्यक्रम में पहुंचे डोईवाला कोतवाली प्रभारी कमल कुमार लुंठी ने कहा कि संविधान हमारे कर्तव्यों का निर्धारण करता है। मौके पर प्रबंधक मनोज नौटियाल, अश्वनी गुप्ता, अनिल बहुगुणा, उपासना बहुगुणा, रश्मि द्विवेदी, पूजा कांत, सरिता कंडवाल, विमल शरण, आशीष यादव, प्रधानाचार्य अंकित, विमल झा, भुवनेश वर्मा, ज्योति रयाल, रत्नेश द्विवेदी, सुदेश सहगल, ओमप्रकाश काला, पूजा जोशी, राधा गुप्ता, हिमांशु कश्यप, अर्चना पाल, चारू वर्मा, श्यामानंद, अनीता बलोदी, राजीव कंडवाल, आशुतोष डबराल, चेतन प्रसाद कोठारी, मयंक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

छात्रों ने आपदा प्रबंधन के गुर सीखे

राइंका छिद्दरवाला में बस्ता रहित दिवस पर छात्रों को वर्चुअल लैब, गूगल फॉर्म, ईमेल आदि की जानकारी दी गई। जिससे बच्चे तकनीकी पक्ष में सबल हो सकें।

# ब्रेस्ट कैंसर की रोकथाम के लिए समय पर चिन्हीकरण जरूरी

ऋषिकेश । ब्रेस्ट कैंसर में सेंटिनल लिम्फ नोड बायोप्सी पर शनिवार को एम्स ऋषिकेश में कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें ब्रेस्ट कैंसर से जुड़े मामलों में बीमारी के स्टेज के बारे में सटीक पता लगाने की नई तकनीकों के अध्ययन और इलाज के अनुभवों को साझा किया गया। संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने कार्यशाला के आयोजन को सर्जन चिकित्सकों के लिए लाभदायक बताया।

एम्स ऋषिकेश के जनरल सर्जरी विभाग और एसोसिएशन ऑफ ब्रेस्ट सर्जन्स ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों के चिकित्सकों ने ब्रेस्ट सर्जरी और ब्रेस्ट कैंसर की जांच के लिए की जाने वाली बायोप्सी प्रक्रिया की नई तकनीकों पर मंथन किया। एम्स ऋषिकेश की कार्यकारी निदेशक मीनू सिंह ने कैंसर संबंधी इलाज की प्रगति में चिकित्सा शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला से सर्जन चिकित्सकों को उन्नत कौशल हासिल करने का अवसर प्राप्त होगा और हमारे शल्य चिकित्सक ब्रेस्ट कैंसर के जांच परिणामों को और अधिक सटीकता से प्राप्त कर सकेंगे। डीन एकेडमिक प्रो. जया चतुर्वेदी ने ब्रेस्ट कैंसर के उपचार और जांच की सटीकता पर कार्यशाला के आयोजन के लिए संस्थान के सर्जरी विभाग की सराहना की। चिकित्सा अधीक्षक प्रो. सत्या श्री ने देश में ब्रेस्ट कैंसर की बढ़ते मामलों और ब्रेस्ट कैंसर के प्रारंभिक निदान और प्रबंधन के महत्व पर जोर दिया। कहा कि बेहतर परिणामों के लिए हमें कैंसर के लक्षणों को प्रारम्भिक चरण में ही चिन्हित करने की आवश्यकता है। सर्जरी विभाग के हेड प्रो सोमप्रकाश बासु ने ब्रेस्ट कैंसर की जांच तकनीकों के प्रशिक्षण हेतु एम्स ऋषिकेश को नोडल प्रशिक्षण केन्द्र बनाए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला रोगी–केंद्रित कैंसर देखभाल प्रदान करने हेतु स्वास्थ्य पेशेवरों की क्षमता को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण पहल है।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com